आरईसी
REC
असीमित ऊर्जा, अनन्त संभावनाएं
Endless energy. Infinite possibilities.
महारत्न कंपनी

REC Limited | आरईसी लिमिटेड
(भारत सरकार का महारत्न उद्यम) (A Maharatna Government of India Enterprise)
पंजीकृत कार्यालयः कोर–4, स्कोप कॉम्प्लेक्स, 7, लोधी रोड, नई दिल्ली–110003
कॉर्पोरेट कार्यालयः प्लॉट नं. आई–4, इफको चौक मेट्रो स्टेशन के पास,सेक्टर–29, गुरुग्राम–122001(हरियाणा)
दूरभाषः +91 124 444 1300 | वेबसाइटः www.recindia.nic.in
सीआईएनः L40101DL1969GOI005095 | जीएसटी नं.: 06AAACR4512R3Z3

**एसईसी-1/187(2)/2025/2149** **दिनांक: 2 फरवरी, 2025**

| | |
|---|---|
| **लिस्टिंग विभाग,**<br>**नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड**<br>**एक्सचेंज प्लाजा, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स,**<br>**बांद्रा (पूर्व), मुंबई - ४०० ०५१** | **कॉर्पोरेट संबंध विभाग,**<br>**बीएसई लिमिटेड**<br>**पहली मंजिल, फिरोज जीजीभोय टॉवर्स,**<br>**दलाल स्ट्रीट, फोर्ट, मुंबई - ४०० ००१** |
| **स्क्रिप कोड-RECLTD** | **स्क्रिप कोड-532955** |
| Listing Department,<br>National Stock Exchange of India Limited<br>Exchange Plaza, Bandra kurla Complex,<br>Bandra (East), Mumbai-400 051 | Corporate Relationship Department,<br>BSE Limited<br>1st Floor, Phiroze Jeejeebhoy Towers,<br>Dalal Street, Fort, Mumbai - 400 001 |
| Scrip Code-RECLTD | Scrip Code-532955 |

**विषय: वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए वित्तीय रिपोर्टिंग में उत्कृष्टता के लिए आईसीएआई पुरस्कार मिलने के संबंध में सूचना।**

महोदय/महोदया,

यह सूचित किया जाता है कि आरईसी लिमिटेड ("आरईसी"/"कंपनी") को नई दिल्ली में आईसीएआई के वर्ल्ड फोरम ऑफ अकाउंटेंट्स (डब्ल्यूओएफए) में आयोजित पुरस्कार समारोह में वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए वित्तीय रिपोर्टिंग में उत्कृष्टता के लिए 'द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) अवॉर्ड्स' की वित्तीय सेवा क्षेत्र (बैंकिंग और बीमा के अलावा) श्रेणी के तहत 'गोल्ड शील्ड' से सम्मानित किया गया है।

यह प्रतिष्ठित मान्यता वित्तीय रिपोर्टिंग में उत्कृष्टता, पारदर्शिता और लेखांकन प्रणालियों के उच्चतम मानकों के पालन के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह चयन कंपनी की लेखांकन प्रणालियों, प्रकटीकरण के लिए अपनाई गई नीतियों, वित्तीय विवरणों की प्रस्तुति, वार्षिक रिपोर्ट में अन्य प्रकटीकरण और भारतीय लेखा मानकों, वैधानिक दिशानिर्देशों और विनियमों के अनुपालन की डिग्री के आधार पर किया गया है।

आईसीएआई अपनी अनुसंधान समिति के माध्यम से वर्ष 1958 से वित्तीय रिपोर्टिंग में उत्कृष्टता के लिए आईसीएआई पुरस्कारों का आयोजन कर रहा है, ताकि विभिन्न क्षेत्रों की संस्थाओं द्वारा वार्षिक रिपोर्टों में वित्तीय और गैर-वित्तीय जानकारी की तैयारी और प्रस्तुति में उत्कृष्टता को पहचाना और प्रोत्साहित किया जा सके।

यह आपकी सादर जानकारी के लिए है।

धन्यवाद,

**भवदीय,**

Jyoti Shubhra Amitabh
Digitally signed by Jyoti Shubhra Amitabh
Date: 2025.02.02 11:45:33 +05'30'

**(जे. एस. अमिताभ)**
**कार्यकारी निदेशक और कंपनी सचिव**